**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 14 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 में पुलवामा हमले में अपनी जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि आने वाली पीढ़ियाँ उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी।छह वर्ष पहले आज ही के दिन जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकी हमला हुआ था, जिसमें केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गए थे।

**********************************************************************

लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के लिए आज संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा , मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता और कांग्रेस विद्यायक भारत भूषण बत्रा मौजूद रहे ।

इस अवसर पर अपने स्वागत भाषण में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा ---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसे गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि विधायिका लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है ।

मुख्यमंत्री ने कहा -

इस अवसर पर अपने संबोधन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा :

कांग्रेस विधायक भारत भूषण बत्रा उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना और हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

**********************************************************************

संसद के बजट सत्र का पहला चरण समाप्त होने के साथ ही कल दोनों सदनों की बैठक 10 मार्च तक स्थगित कर दी गई।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि सत्र के पहले चरण में 112 प्रतिशत कामकाज हुआ।

***सत्र के दौरान हमने अच्छे वातावरण में चर्चा की है। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर 17 घंटे और 23 मिनट की सार्थक चर्चा हुई है। इसमें 173 माननीय सदस्यों ने बैठकर अपने दायित्वों का निर्वाहन किया है। इस सत्र में हमारी प्रोडक्टिविटी लगभग 112 प्रतिशत रही है।***

बजट सत्र के दूसरे चरण की बैठक 10 मार्च से शुरू होगी। सत्र का पहला चरण पिछले महीने की 31 तारीख को शुरू हुआ था।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि निकाय चुनाव के बाद जनता से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों में और तेजी लाने के साथ-साथ नई परियोजनाओं पर भी तीव्र गति से कार्य किया जाएगा।मुख्यमंत्री कल नारनौंद में कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि की जीत सुनिश्चित कर क्षेत्र को विकास के मामले में आगे बढ़ाने का आह्वान किया । इस दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक रामकुमार गौतम, पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता, पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

*************************************************************************

सूरजकुण्ड क्राफ्ट मेला विकास कालिया फरीदाबाद जिले के 38वें अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में अब तक लगभग दो लाख से अधिक लोगों ने भागीदारी की है। मेला 23 फरवरी तक जारी रहेगा। मेले में देश-विदेश के कलाकार अपनी नृत्य एवं गायन प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। हरियाणा पर्यटन निगम ने इस बार डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देते हुए ऑनलाइन टिकट बुकिंग और स्टॉल बुकिंग की सुविधा शुरू की, जिससे पर्यटकों और व्यापारियों को काफी सहूलियत मिली है।